उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 92/2017/1938/छप्पन-2017-23/2017
लखनऊ, दिनांक: 28 नबम्बर, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 553(4)/छप्पन-2017-48/84, दिनांक 12 मई, 2017 द्वारा गठित समिति में संशोधन करते हुए प्रबन्धक (परिचालन) के रिक्त पद पर संविदा के आधार पर चयन हेतु श्री राज्यपाल निम्नलिखित अधिकारियों की एक समिति गठित किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1.	प्रमुख सचिव/ सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 शासन।	अध्यक्ष
2.	प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित संयुक्त सचिव से अनिम्न अधिकारी।	सदस्य
3.	विशेष सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
4.	निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0।	सदस्य/सचिव
5.	निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा नामनिर्दिष्टि कोई विशेषज्ञ।	सदस्य

एस0 पी0 गोयल
प्रमुख सचिव ।

पृष्ठांकन संख्या- 92/2017/1938(1)/छप्पन-2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव/ सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग के निजी सचिव को प्रमुख सचिव के सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त समिति में प्रतिनिधित्व किए जाने हेतु किसी संयुक्त सचिव से अनिम्न अधिकारी को कृपया नामित करने का कष्ट करें।
3. विशेष सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निजी सचिव को विशेष सचिव के सूचनार्थ।
4. निदेशक, नागरिक उड्डयन उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त समिति में प्रतिनिधित्व किए जाने हेतु किसी विशेषज्ञ को कृपया नामित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डॉ० सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in